

## डिजिटल क्लास रूम का भव्य उद्घाटन

**नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** श्री नवलगढ़ विद्यालय कमेटी, कोलकत्ता द्वारा संचालित. एस. एन. विद्यालय में अत्याधुनिक डिजिटल क्लास रूम का भव्य शुभारंभ अग्रपीठाधीश्वर रैवासा धाम के सन्त डॉ. श्री राघवाचार्य जी महाराज वेदान्ती द्वारा किया गया।

प्रथम पूज्य भगवान गणेश तथा माँ सरस्वती के विधिवत पूजन के साथ प्रारंभ हुए कार्यक्रम में महाराज श्री ने अपने प्रवचन में संस्कार जनित शिक्षा पर जोर दिया। महाराज ने कहा कि बदलते परिवेश में जब पूरा विश्व डिजिटल हो रहा है ऐसे में हमें भी युगधर्म निभाते हुए कदम से कदम मिलाने होंगे किन्तु साथ ही नन्हें बच्चों में प्रारंभ से ही संस्कारों का भी बीजारोपण करना होगा। महाराज ने कहा कि शिक्षकों को भी अपने दायित्वों को निभाते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रयास करना होगा।

इससे पूर्व प्रशासनिक अधिकारी सुनील सैनी, उप प्राचार्या सुलोचना सैनी, व्याख्याता रणजीत सिंह, नगर पालिका उपाध्यक्ष कैलाश चोटिया, अलायन्स क्लब के पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.दयाशंकर जांगिड़, गोविन्द राम मिश्रा. आदि ने महाराज श्री का पुष्पहार, शॉल तथा श्रीफल देकर सम्मान किया कार्यक्रम में मेजर डी.पी. शर्मा, विश्व हिन्दु परिषद के अध्यक्ष राम मोहन सेकसरिया, भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष सीताराम बिरोलिया, कृष्ण गोपाल जोशी, मनोज सोनी, व्यवसायी विजय प्रकाश धूत, जयराम जांगिड़, मुरली मनोहर चोबदार, ओमी पंडित, राम शर्मा, एडवोकेट तरुण मिन्तर सहित बड़ी संख्या में अभिभावक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सुमन राठौड़ ने किया।

# यमुना नहर नहीं आने से शेखावाटी क्षेत्र यूपी, बिहार बन जाएगा

**चिड़ावा (सीमा सन्देश सं)।** सिघाना सड़क मार्ग बस स्टैंड लालचौक पर नहर मांग रहे किसानों का धरना किसान सभा के बैनर तले प्रगतिशील किसान बनवारीलाल चाहर की अध्यक्षता में आज 88वें दिन भी जारी रहा। आज धरने में शामिल होने के लिए आऐ भरथसिंह खुडौत व उनकी बेटी मीना चौधरी ने कहा कि हमारे यहाँ पानी की बेशुमार दिक्कत है हमारे क्षेत्र में पानी के लिए 1994 में समझौता हुआ है उसके अनुसार पानी सरकार हमें जल्दी ही प्रदान करने की कृपा करे ताकि क्षेत्र में सभी शेखावाटी जनों का भला हो सके।



यहाँ काम धन्धे सब ठप्प पड़ते चले गये हैं। पशु पालन भी नहीं हो पाता है जिसके कारण सभी शेखावाटी जनों को ठाले रहकर घर में समय बीताते -बीताते अवरूद्ध हुए विकास को पकड़ पाना उनकी पकड़ दूर होता जा रहा है। वहीं शेखावाटी नहर आन्दोलन प्रवक्ता लोक कलाकार विजेंद्र शास्त्री ने कहा कि हमारे क्षेत्र में बडा.नुकसान युवा पीढ़ी के गिरते नैतिक स्तर से हो रहा है जिसके कारण वे दिशाहीन हो गऐ हैं और वे समाजफियाओं, भूमाफियाओं, शराब माफियाओं, खनन माफियाओं आदि के चंगुल में फंसते धंसते जा रहे हैं तथा वे उनके खर्चे पानी की पूर्ति के बहाने उनको अपने जाल में फंसाकर बदमाशी, चोरी, डकैती व अपहरण जैसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और जनमानस सुरक्षा व बचाव करने की फूर्सत ना सरकारों को है और ना पुलिस व सुरक्षा ऐजेन्सियों को है। रिश्वतखोरी, भ्रषटाचारी, बेईमानी इस कदर होने को है कि रात दिन इस युवा पीढ़ी को ब्लैक मेल कर ये माफिया लोग बैंकों तक लुटवा रहे हैं।आने वाले समय में यही बेरोजगारी क्षेत्र में बढ़ती रही तो ये युपी बिहार को भी माफ करेंगे। कहाँ हिन्दू मुस्लिम को रोते फिरते हैं ये समाज के ठेकेदार। यदि ये काली पट्टी आंखों पर से हटानी है तो क्षेत्रवासियों को एकजुट होकर सरकार से नहरी पानी की मांग पूरजोर तरीके से उठाने के लिए चुनाव के बाद हमें आन्दोलन का आगाज तेज करना होगा। धरने पर आज किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष बजरंग बराला,तहसील अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, जगराम योगी, रोहिताश चिडावा, सुनिल किढवाना, सतपाल चौधरी, देवीलाल तातीजा, राहुल कलगांव, लोकेश, विनय शाहपुर, राजवीर, कपिल, राजु, महेन्द्र, मनोज, सौरभ, करण, जयसिंह,अनिल, आदि उपस्थित रहे।



## निष्पक्ष जांच की मांग, डीएसपी को सौंपा ज्ञापन

**नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** गांव डूंडलोद निवासी एक व्यक्ति के 24 मार्च से लापता होने के मामले में निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है। इस संबंध में डूंडलोद के ग्रामीणों ने नवलगढ़ डीएसपी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि डूंडलोद निवासी महेश माहिच 24 मार्च शाम से लापता है। जिसकी गुमशुदगी रिपोर्ट मुकुंदगढ़ पुलिस थाने में दर्ज करवाई गई। सीसीटीवी फुटैज से पता चला कि 24 मार्च शाम करीब 5 बजे महेश माहिच गांव के ही विकास फौजी की गाड़ी में बैठता देखा गया। उसके बाद से महेश लापता है। ज्ञापन में महेश के साथ किसी अनहोनी की आशंका भी जताई गई है। मामले में तथ्यों के आधार पर जल्द से जल्द निष्पक्ष जांच कर घटना का खुलासा करने व पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में सरपंच हरफूल पूनिया,जितेंद्र माहिच,नरेश माहिच, फतेहचंद, विक्की, सचिन सैनी डूंडलोद,पिंटू,दीपक,सुभाष चंद्र, विकास किलानिया, विक्रम, दिलीप, मुकेश, पंकज, मदन, रवि कुमार आदि शामिल थे।

## चूड़ी चतरपुरा में कुएं में गिरने से युवक की मौत

**मुकुंदगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** थाना क्षेत्र के गांव चूड़ी चतरपुरा में कुएं में गिरने से 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई।मृतक युवक दिमागी रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा है। मृतक के भाई गांव चूड़ी चतरपुरा निवासी पवन कुमार ने रिपोर्ट में बताया कि उसका भाई रमेश कुमार 28 मार्च को दोपहर करीब दो बजे बिना बताए घर से निकल गया। गत कुछ समय से उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। शाम तक उसके घर पर नही आने पर उसकी तलाश की तो मौहल्ले में स्थित कुएं के बाहर उसकी चप्पले पड़ी दिखाई दी।कुंए में देखने पर वह अंदर पड़ा दिखाई दिया।जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कुएं से बाहर निकलवाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया।मृतक के भाई की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग दर्ज की है।

## जलदाय विभाग की लापरवाही से आमजन पानी के लिए परेशान

**चिड़ावा (सीमा सन्देश सं)।** वार्ड न .4,5,6 में जलदाय विभाग की लापरवाही के चलते पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। वार्ड के सीताराम पंवार ने बताया बाबूलाल बसवाला के घर के आगे बने ट्यूबवैल में पर्याप्त पानी है। परन्तु बसवाला धर्मशाला के सामने टंकी में पानी सप्लाई की लाईन में लीकेज होने के कारण पानी की टंकी में पानी नहीं चढ़ाया जाने से पानी की सप्लाई नहीं हो रही है।

पानी की सप्लाई बंद होने के कारण उक्त वाड़ों में पानी की परेशानी बनी हुई है। जलदाय विभाग के आला अफसर ना तो फोन उठाते है और ना कार्यालय में मिलते है। इसलिए उपखण्ड अधिकारी, जिला कलेक्टर, एक्सईन जलदाय विभाग को जरिये ज्ञापन समस्या से अवगत करवाया गया। संबंधित अधिकारियों ने सहायक अभियंता को जरिये फोन समस्या समाधान के निर्देश दिए जाने के बाद भी वाड़ों में पानी की समस्या बनी है। पंवार ने कहा ट्यूबवैल में पानी होने के बावजूद विभाग की लापरवाही के चलते लोग पानी का टेंक मंगवाने को मजबूर है। पंवार ने बताया लगातार तीन दिन का अवकाश होने से समस्या और अधिक होगी।

शीघ्र समस्या समाधान के लिए उच्च अधिकारी व जलदाय विभाग, निदेशक जलदाय विभाग, जलदाय मंत्री राजस्थान सरकार , मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार को भी अवगत करवाया जायेगा। इस अवसर पर पार्षद बाबूलाल सोलंकी, गुलाब सिंह, दलीप कुमार, बियालाल पनिहार, दयाराम माहीच, डालूराम रेगर, राधेश्याम रेगर, मातुराम सोलंको, सहित दर्जनों वार्ड के लोगों ने पानी की समस्या समाधान की मांग की है। वही वार्ड पार्षद जगदीश प्रसाद प्राण, सीताराम गजराज, जगदीश बसवाला, उमराव सिंह, सुमन देवी, श्यामा देवी, केशरी देवी मनीषा देवी ने भी समाधान की मांग की है।

## जलदाय विभाग के मुख्य अधीक्षक अभियंता ने जनसुनवाई की



**पिलानी (सीमा सन्देश सं)।** युवा जन कल्याण संस्था पिलानी के अध्यक्ष डॉ मनोज जांगिड़ के आग्रह पर शुक्रवार को गुलाब राय हवाई समृति भवन सभागार में जिला झुंझुनू के मुख्य अधीक्षक अभियंता शरद माथुर के बुहाना के अधिशासी अभियंता मदनलाल, पिलानी सहायक अभियंता सुमित चौधरी व पिलानी के कनिष्ठ अभियंता प्रवीण व सोनू ने पिलानी के जनता की पीने के पानी की समस्या की जनसुनवाई की। इस मौके पर पिलानी में पीने के पानी की विकट समस्या को लेकर पिलानी पालिका पार्षद राजकुमार नायक, शंकर लाल दहिया, सत्यनारायण शर्मा उर्फ मुन्ना, राजेंद्र सेन, दीपक दहिया आदि ने पिलानी के विभिन्न मोहल्लों व वार्डों की पीने के पानी की समस्या? से जिले के उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया। पार्षद राजकुमार नायक ने जलदाय विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा गत वर्ष उनके नेतृत्व में नगर पालिका पिलानी के सामने चार महीने तक दिए गए धरने को समाप्त करने के लिए कुंभाराम लिफ्ट परियोजना का पानी 1 वर्ष में उपलब्ध कराने का आश्वासन दियागया था जिसे आज तक पूरा नहीं किया गया है समस्याओं संहित पिलाने में बंद पड़े ट्यूबवेलों किसी समस्याओं से अवगत करवाया।

शंकर लाल दहिया पिलानी जलदाय विभाग के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से पिलानी के लोग पीने के पानी की समस्या से जूझ रहे हैं इस बात से उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया। जनसुनवाई में बाढ़ चौक स्थित गत 5 महीने से बंद पड़े ट्यूबवेल की समस्या से भी अवगत कराया इस ट्यूबवेल के लिए पिलाने के अधिकारियों की लापरवाही की वजह ट्यूबवेल में मोटर फंसी पड़ी है। जगदीश प्रसाद सोनी गणेश को लेने के पीने के पानी की समस्या से अधिकारियों को अवगत करवाया।

जनसुनवाई के दौरान मुख्य अधीक्षक अभियंता माथुर वी अधीक्षक अभियंता मदन लाल जी ने जलदाय विभाग के स्थानीय अधिकारियों को फटकारते हुए उन्हें पिलानी में पीने के पानी की समस्या का निराकरण शीघ्र करवाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही मुख्य अधीक्षक अभियंता मथुर ने पिलानी की जनता की शिकायत अपने शिकायत रजिस्टर में दर्ज कर शिकायतकताओं को उन्हें रिसिट उपलब्ध करवाने के लिए भी निर्देशितकिया है।

जनसुनवाई के दौरान पिलानी में पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार हलवाई, डॉ मनोज जांगिड़, अनिल नायक, शाहिद सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**मुकुंदगढ़ (सीमा सन्देश सं)।** गांव बलरिया के निकट शुक्रवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक मानसिक तनाव में बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सैनिक एक्सप्रेस के लोको पायलट ने एक युवक के ट्रेन से कटने की सूचना रेलवे प्रशासन को दी। सूचना पर जीआरपी व मुकुंदगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की शिनाख्त मुकुंदगढ़ के वार्ड 11 निवासी संजय मेघवाल ( 30 )के रूप में की गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के भाई ओमप्रकाश की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग दर्ज की है। रिपोर्ट में बताया कि मृतक 28 मार्च को शाम करीब साढे चार बजे बिना बताए घर से निकल गया था। वह कुछ दिनों से तनाव में था।



## नगर परिषद ने अवैध अतिक्रमण को लेकर की कार्यवाही

- विभिन्न स्थानों से हटवाया अतिक्रमण, 25 किलो पॉलीथीन की जप्त

**कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)।** स्थानीय नगर परिषद ने शुक्रवार को अवैध अतिक्रमण को लेकर कार्यवाही करते हुये शहर के विभिन्न मुख्य मार्गो से अतिक्रमण हटवाया। वहीं प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत विभिन्न जगहों से 25 किलो पॉलीथीन जप्त की गई। प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों की जानकारी देते हुये प्लास्टिक के स्थान कपड़े के बैग का प्रयोग करने की सलाह दी गई। नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट ने कहा कि प्लास्टिक के उपयोग से पर्यावरण को बहुत नुकसान पहुंच रहा है। इसके कारण जलवायु परिवर्तन, जीव-जंतु और पौधों की हत्या आदि कई समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। आयुक्त ने बताया कि अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये मुख्य चौराहे स्थित पुलिया के नीचे, मुख्य चौराहा से अग्रसेन तिराहा, अग्रसेन तिराहा से पूतली कट, दिल्ली दरवाजा व बानसूर रोड़ आदि स्थानों से अतिक्रमण हटाया गया। वहीं दिल्ली दरवाजा स्थित अवैध बुचड़ खाने को लेकर नोटिस देकर पाबंद किया गया। साथ ही साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये गये। कार्यवाही के दौरान एक्सईएन दीपक मीणा, एईएन मुकेश सैनी, एएफओ सत्यनारायण वर्मा समेत नगर परिषद कार्मिक आदि मौजूद रहे।

## मचकुंड पर आयोजित होगा राजस्थान दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम

**धौलपुर (सीमा सन्देश सं)।** राजस्थान दिवस के अवसर पर राज्य भर में विभिन्न जिलों एवं संभागों के ऐतिहासिक महत्व के स्मारकों ,पार्कों, प्रमुख सर्किलों इत्यादि पर लोक कलाकारों या स्थानीय प्रतिभाओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां 30 मार्च को आयोजित की जायेंगी। धौलपुर में सायं 5 बजे से 7 बजे तक मचकुंड पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। मचकुंड के अतिरिक्त घंटाघर, कलेक्ट्रेट इत्यादि स्थानों पर लोक कलाकारों द्वारा मयूर नृत्य, चरकुला, राजस्थानी लोकगायन व लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी जायेगी। उक्त सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के दौरान मतदान संबंधी स्वीप गतिविधियों का भी आयोजन किया जायेगा।




## महिलाएं आत्मविश्वास के साथ कराएं मतदान, प्रशासन करेगा हर संभव मदद : जिला निर्वाचन अधिकारी

**धौलपुर(सीमा सन्देश सं)।** लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने एवं भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार महिला चुनाव अधिकारियों की सहभागिता चुनाव कार्य में लेने हेतु विशेष महिला मतदान केंद्रों पर महिला कर्मियों की नियुक्ति की गई है जिसमें पीठासीन अधिकारी के साथ प्रथम, द्वितीय और तृतीय मतदान अधिकारी भी महिला कार्मिक ही होंगी। इन महिला मतदान अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण नगर परिषद सभागार धौलपुर में आयोजित किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी धौलपुर श्री निधि बीटी ने प्रशिक्षण में पहुंचकर महिला मतदान कर्मियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें मतदान प्रक्रिया को सही तरह से समझने एवं ईवीएम वीवीपेट के संचालन की प्रक्रिया को जानने के साथ स्पेशल केस के निवारण हेतु किए जाने वाले कार्यों को निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार समझने के लिए प्रशिक्षण को गंभीरता पूर्वक लेने को कहा, जिससे आत्मविश्वास के साथ वे मतदान को शून्य त्रुटि के साथ करा सकें। जिला कलक्टर ने मतदान अधिकारियों को ट्रेनिंग ऑन डिमांड का आश्वासन देते हुए प्रशिक्षण पश्चात पश्चपरख लेकर प्राप्त समस्याओं और शंकाओं का निवारण करने हेतु प्रशिक्षक अतुल चौहान को निर्देश दिए।

**लोकसभा चुनाव** विश्व पटल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बढ़ाया देश का मान, अंत के साथ ही अंत्योदय योजना, हम अंत के साथ रहेंगे

# नीति, नियत और जनता पहले,जनप्रतिनिधि बाद में: सिंह

**बानसूर (सीमा सन्देश सं)।** विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव कार्यालयों के उदघाटन के दौरान भाजपा प्रत्याशी राव राजेन्द्रसिंह ने कहा कि नीती, नियत और जनता पहले उसके बाद हैं जनप्रतिनिधि। उन्होंने कहा कि विश्व पटल पर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत का नाम रोशन किया है। जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट की अंतिम पायदान पर स्थित बानसूर विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास होगा। क्योंकि भाजपा की रीती नीतियों में अंत पहले पायदान पर है। भाजपा का घोषणा पत्र जारी नहीं हुआ है पर उसमें ईआरसीपी का उल्लेख जरूर मिलेगा।वह भी जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लाल बहादुर महाविद्यालय कोटपूतली प्रांगण में पहुंचेंगे उससे पहले।राव राजेन्द्रसिंह ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्त्ता जनप्रतिनिधि और भारत के लोग उस व्यक्ति को मतदान करते हैं जिनमें संविधान की पालना करने की क्षमता हो। बानसूर विधानसभा



क्षेत्र ही नहीं अपितु जयपुर ग्रामीण की जनता चाहती है कि हमारे क्षेत्र का विकास हो। उन्होंने कहा कि यदि आपने मुझे आपका प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया तो आपकी आवाज भारत के सदन में गूंजती हुई नजर आएगी।

वहीं कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि 19अप्रेल को राबड़ी पीकर मत सो जाना, पहले मतदान करना और उसके बाद राबड़ी पीना।विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने कहा कि मैं जो कुछ भी तुम्हें दीखता हूँ वह राव साहब की बदौलत ही है। विराटनगर की जनता इनको रिकार्ड मतों से जीत दिलवायेगी। भाजपा के पूर्व प्रत्याशी रहे महेन्द्र यादव ने कहा मेरे बीच और राव साहब के बीच तो पारिवारिक सम्बन्ध है पर हम 1और 1ग्यारह बनकर दिखाएंगे। कांग्रेस से भाजपा में कुछ दिनों पूर्व ही शामिल हुए गहलोत सरकार के पूर्व मंत्री राजेन्द्रसिंह ने कहा कि राव साहब अच्छे व्यक्तित्व के धनी हैं उनकी मित्रता पूर्व में भी रही है और आज भी है।मुझे नहीं लगता कि भारत का विकास मोदी के अलावा या भाजपा के अलावा कोई करवा सकता है।वहीं पूर्व मंत्री स्व. जगतसिंह दायमा के सुपुत्र एडवोकेट अंकुर दायमा ने कहा कि 2014में मुझे भाजपा ज्वाइन करने का मौका राव राजेन्द्रसिंह की बदौलत ही मिला जब राजस्थान के प्रदेश प्रभारी भूपेन्द्र यादव थे। यदि राव साहब सही दिशा नहीं देते तो मैं रास्ता भटककर कहीं और चला जाता। मुझे यह कहने का मौका नहीं मिलता कि भाजपा और नरेन्द्र मोदी के विजन से आज भारत ऊँचाइयाँ छू रहा है।बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत ने रामायण के दोहे कहते हुए राव राजेन्द्रसिंह की भूरी भूरी प्रशंसा की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया और कहा कि वे लोग यह नहीं समझें कि मुझे वोट नहीं दिया है यदि आपने 55हजार से अधिक मतों से राव साहब को जिताया तो मैं समझूंगा मुझे सभी ने वोट दिया है। आप सब 2अप्रेल को कोटपूतली चलने के लिए तैयार रहें और भाजपा को मतदान करें। अंत में धन्यवाद भाषण नगर पालिका चेयरमेन प्रतिनिधि सज्जन कुमार मिश्रा ने दिया।इस मौके पर वसुंधरा राजे समर्थक मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष व सेवानिवृत कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष बृजमोहन शर्मा,जिला उपाध्यक्ष डॉ शशिकांत बोहरा, जयपुर उत्तर के प्रभारी सतवीर यादव, विधानसभा प्रभारी रमेश रावत, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामानंद दीक्षित,महेश कटारिया, मंगलराम सैनी, विजय पंसारी, हरिसिंह शेखावत,बबलू बाल्मीकि, जलेसिंह रावत, दीपक गुर्जर, मन्नालाल पूर्व पटवारी,रोहिताश अधाना देवशन,बानसूर मण्डल अध्यक्ष एडवोकेट नरेन्द्र चौधरी, हरसौरा मण्डल अध्यक्ष हनुमान यादव, रामपुर मण्डल अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, नीमूचाना मण्डल अध्यक्ष सतेन्द्र शर्मा सहित नारायणपुर मण्डल अध्यक्ष सहित भाजपा कार्यकर्त्ता और समर्थक मौजूद रहे।कार्यक्रम के सुभारम्भ से पूर्व राव राजेन्द्रसिंह ने पूर्व मंत्री जगतसिंह दायमा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उसके बाद सभा स्थल आशा मैरिज गार्डन में भाजपा प्रत्याशी राव राजेन्द्रसिँह का सर्व समाजों व भाजपाईयों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।


TATA

## टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड

पंजीकृत पता : 11 वां तल, टॉवर ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोवर परेल, मुम्बई-400013
शाखा पता : टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड, द्वितीय तल द गुमान प्रथम, आम्रपाली सर्किल, वैशाली नगर, जयपुर (राजस्थान)-302021

### अचल सम्पत्ति के विक्रय के लिए सूचना

(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के सहपठित नियम 9(1) के अन्तर्गत)

**प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी सूचना**

जन सामान्य तथा विशेष रूप से निम्नलिखित ऋणधारक और/सह-ऋणधारक या उनके विधिक वारिसों/प्रतिनिधियों (ऋणधारकों) को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लेखित अचल सम्पत्ति जो टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड (टीसीएचएफएल) के पास गिरवी है, का कब्जा टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, को नीचे उल्लेखित ऋणधारक व सहऋणधारकों से बकाया की वसूली के लिए 'जो है जहां है','जैसा है जो है' तथा 'जो भी वहां है' बिना किसी रिकोर्स के आधार पर **18-04-2024** को विक्रय किया जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि जमा का उल्लेख नीचे है। यहां यह सूचित किया जाता है कि इस सुरक्षित आस्ति/सम्पत्ति का विक्रय किसी स्थगन/बिना अन्तराल ई-नीलामी द्वारा **18-04-2024** को अपराह्न 2 बजे किया जाएगा। ई-नीलामी में भाग लेने के लिए टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को ईएमडी का डिमांड ड्राफ्ट सीलबंद लिफाफे में **16-04-2024** को सायं 5 बजे तक या उससे पूर्व शाखा पता **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड,** एससीओ-20, द्वितीय तल, सैक्टर 26-ए, चंडीगढ़ 160012 को प्रस्तुत करना होगा।

सुरक्षित आस्ति/अचल सम्पत्ति का विक्रय 'जैसी है वहां जो स्थिति है' के आधार पर किया जाएगा, जिनका संक्षिप्त विवरण यहां निम्नानुसार है :

| क्रम. सं. | ऋण खाता संख्या व शाखा | ऋणधारक (ों)/सह-ऋणधारक (ों) विधिक वारिस (ों)/ विधिक प्रतिनिधि /जमानतदार(ों) के नाम | डिमांड नोटिस के अनुसार राशि | आरक्षित मूल्य | बयाना राशि | कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | TCHHL 030600 010007 4320 | श्रीमती प्रियंका शाह उर्फ प्रियंका देवी साह पत्नी श्री राम कुमार शाह उर्फ राम कुमार साह, श्री राम कुमार शाह उर्फ राम कुमार साह पुत्र श्री जगदीश प्रसाद शाह | रुपये 43,75,185/-(रुपये तिरालीस लाख पिचहत्तर हजार एक सौ पिचासी मात्र) 10.08.2022 | रुपये 51,00,000/- (रुपये इक्यावन लाख मात्र) | रु. 5,10,000/- (रुपये पांच लाख दस हजार मात्र) | भौतिक |
| **अचल संपत्ति का विवरण:** गांव सुखिया, अनुकम्पा प्लेटिना के नाम से जाना जाने वाला इलाका, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर (राजस्थान) के खसरा संख्या 254, 255/631, 401/574, 402 में समाहित स्थित ब्लॉक-एफ, नौवें तल पर आवासीय ईकाई/फ्लैट संख्या 901 के समस्त खण्ड व हिस्से। अधिमापन बिल्ट अप क्षेत्र 1215.68 स्क्वेयर फीट, सुपर बिल्ट अप क्षेत्र - 1580.37 स्क्वेयर फीट। विक्रय संलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाओं के साथ। | | | | | | |
| 2. | TCHHL0 3060001 0007626 5 & 1044311 2 | श्री देवेन्द्र हिसारिया पुत्र श्री श्याम सुंदर हिसारिया श्रीमती इला हिसारिया पत्नी श्री देवेन्द्र हिसारिया | ऋण खाता संख्या TCHHL0306000100076265 के अधीन बकाया व आप द्वारा देय राशि रु. 42,39,875/- (रुपए बयालीस लाख उनतालीस हजार आठ सौ पिचहत्तर मात्र) तथा ऋण खाता संख्या 10443112 के अधीन बकाया व आप द्वारा देय राशि रु. 1,01,696/-(रुपए एक लाख एक हजार छह सौ छियानवे मात्र) अर्थात कुल रु. 43,41,571/-(रुपये तिरालीस लाख इकतालीस हजार पांच सौ इकहत्तर मात्र) 14-09-2022 | रु. 33,77,000/-(रुपये तैंतीस लाख सतत्तर हजार मात्र) | रु. 3,37,700/- (रुपये तीन लाख सैंतीस हजार सात सौ मात्र) | भौतिक |
| **अचल संपत्ति का विवरण:** ग्राम नेवटा, आस्था सेज व्यू के रूप में जाना जाने वाला इलाका, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर (राजस्थान) के खसरा संख्या 523 और 524 में समाहित स्थित टॉवर डी, सातवां तल, आवासीय फ्लैट संख्या डी-709. अधिमापन 860 स्क्वेयर फीट (बिल्ट अप क्षेत्र), खुली छत और ढकी हुई सीढ़ियां अधिमापन 1714 स्क्वेयर फीट (सुपर बिल्ट अप क्षेत्र 3217 स्क्वेयर फीट लगभग) और कवर्ड पार्किंग संख्या सी-37. विक्रय संलेख में उल्लिखित सभी सामूहिक सुविधाओं के साथ। | | | | | | |

नीलामी के समय जन सामान्य व्यक्तिगत रूप से बोली(यां) प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित है। यहां ऋणधारक(ों)/सह-ऋणधारक(ों) को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर आगामी ब्याज सहित समस्त बकाया के पूर्ण भुगतान के लिए अंतिम अवसर दिया जा रहा है, इसमें असफल होने पर अचल सम्पत्ति का विक्रय निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। ई-नीलामी को रोक दिया जाएगा यदि, जब 'प्राधिकृत अधिकारी' के पास इस बात का सबूत पेश किया जाए या उन्हें इस बात से संतुष्ट किया जाए कि समस्त ब्याज एवं लागत (विक्रय की लागत सहित) सहित उक्त सुरक्षित बकाया देय राशि का भुगतान नीलामी तिथि से पूर्व कर दिया गया है। इस विक्रय से जुड़े किसी भी अधिकारी या अन्य व्यक्ति का इस विक्रय निष्पादन प्रक्रिया के दौरान कोई कर्तव्य-अधिकार नहीं होगा तथापि अचल संपत्ति के विक्रय, बोली, अधिग्रहण या अधिग्रहण के प्रयास में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई भी हित नहीं होगा।

विक्रय का विषय प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों के अंतर्गत होगा तथा निम्नांकित शर्तों के अधीन किया जाएगा :

नोटः ई-नीलामी का आयोजन पोर्टल पर **https://bankauctions.in** पर **18-04-2024 को दोपहर 2.00 से सायं 3.00 के बीच** 10 मिनट के प्रत्येक असीमित अंतराल के साथ किया जाएगा।

**नियम व शर्तें** : 1. अनुसूची में वर्णित विवरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के सर्वोत्तम ज्ञान एवं सूचना अनुसार कथन किए गए हैं, परन्तु इस उद्घोषणा में हुई किसी भी चूक, मिथ्या कथन या भूल के लिए अधोहस्ताक्षरकर्ता उत्तरदायी नहीं होंगे। बोली राशि, बोलीदार संबंधित किसी भी विवाद की स्थिति में अचल सम्पत्ति को नीलामी में पुनः रखना प्राधिकृत अधिकारी के विवेक पर निर्णय होगा। 2. अचल संपत्ति का विक्रय आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं किया जाएगा। 3. बोली बढ़ाने की राशि **रु. 10,000/- (रुपए दस हजार मात्र)** रहेगी। 4. संपत्ति के क्रय हेतु प्रस्तुत सभी निविदाओं के साथ धरोहर राशि जो '**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लि.**, के शाखा पते के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा होना आवश्यक है, जिसको नीलामी के बाद असफल बोलीदाता को डिमांड ड्राफ्ट वापस कर दिया जाएगा। **एनइएफटी/आरटीजीएस/आईएमपीएस के माध्यम से ईएमडी भुगतान के लिए कृपया प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें।** 5. किसी भी उच्चतम बोलीदाता को क्रयकर्ता घोषित करना हमेशा ही एक विधिसम्मत प्रक्रिया होती है एवं उसे कानूनी रूप से पात्र माना जाता है, जबकि उसकी बोली राशि आरक्षित मूल्य से कम नहीं होनी चाहिए। यह 'प्राधिकृत अधिकारी' के विवेक पर है कि उसे यह लगता है कि यह पर्याप्त नहीं है या ऐसा करना उसे उचित नहीं लग रहा हो। 6. दर्ज किये गये कारणों से यह 'प्राधिकृत अधिकारी' का स्वनिर्णय का अधिकार है कि वह विक्रय को आगे बढ़ा दे या रोक दे। 7. सम्पत्तियों का निरीक्षण **10-04-2024** को **प्रातः 11 से सायं 5.00** बजे के मध्य पूर्व में समय लेकर किया जा सकता है। 8. व्यक्ति को क्रेता घोषित किया जाएगा, जब ऐसी घोषणा हो, प्राधिकृत अधिकारी के पास 24 घंटे में वह क्रय मूल्य/बोली की राशि का पच्चीस प्रतिशत (जिसमें ईएमडी राशि शामिल होगी) राशि जमा कर दे। इस जमा में असफल रहने पर सम्पत्ति ताजा नीलामी/निजी संधि से विक्रय हेतु रखी जाएगी। 9. प्राथमिक रूप से उपरोक्त अनुसार राशि जमा करने की दशा में, क्रेता को संपत्ति की पुष्टि की दिनांक से 15वें दिन या इससे पहले, 15 वें दिन अवकाश या रविवार हो तो 15वें दिन के पश्चात प्रथम दिन तक प्राधिकृत अधिकारी के पास क्रय बोली राशि की शेष राशि जमा करनी होगी। 10. उपरोक्त अवधि में भुगतान में किसी चूक की स्थिति में सम्पत्ति को निजी संधि द्वारा नई नीलामी/बिक्री के लिए रखा जाएगा। ईएमडी सहित जमा **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लि.** द्वारा जब्त कर ली जाएगी और चूककर्ता क्रेता सम्पत्ति के सभी दावों को खो बैठेगा। 11. **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लि.** को ज्ञात सभी अवरोध जो संपत्ति से संलग्न है : ऊपर दी गई सारणी के अनुसार। दावे, यदि कोई हो जो संपत्ति के संलग्न हो तथा अन्य ज्ञात विवरण की प्रकृति तथा मूल्य : ऊपर दी गई सारणी के अनुसार। संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि सम्पत्ति पर सम्पत्ति-कर व विद्युत आदि के वैधानिक उत्तरदायित्व क्षेत्रों सहित अवरोधों के सम्बंध में अपनी स्वतंत्र जांच करें। **12. किसी भी अन्य विवरण या ई-नीलामी की प्रक्रिया के ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए सम्भावित बोलीदाता सेवा प्रदाता, मैसर्स 4क्लोजर, ब्लॉक संख्या 605 ए, छठा तल, मैत्रीवनम कमर्शियल कॉम्पलैक्स, अमीरपेट, हैदराबाद -500038 इसके समन्वयक के माध्यम से श्री अरिजित कुमार दास, 8142000725, 8142000066, 8142000062, ईमेल arijit@bankauctions.in और ईमेल : info@bankauctions.in मनीष बंसल, ईमेल आईडी Manish.Bansal@tatacapital.com प्राधिकृत अधिकारी मोबा. नं. 8588983696, कृपया अपनी पूछताछ वट्सएेप नं. 9999078669 पर भेजें।** 13. टीडीएस 1 प्रतिशत लागू होगा और यह घोषित उच्चतम बोली राशि पर उच्चतम बोलीदाता द्वारा देय होगा। उच्चतम बोलीदाता द्वारा भुगतान मालिक/ऋणधारक(ों) के पैन से जमा होगा और हमारी कम्पनी को चालान की प्रति प्रस्तुत करनी होगी। 14. कृपया उक्त विवरण के लिए सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट पर इस लिंक पर जाएं **http://surl.li/rvvzn** 15. कृपया इस लिंक पर भी जाएंः **https://www.tatacapital.com/property-disposal.html**

**कृपया ध्यान दें:** टीसीएचएफएल ने इस सम्पत्ति के ब्रोकर/एजेन्ट के लिए उल्लेखित नीलामी साझेदार की ओर से किसी भी ब्रोकर/एजेंट को अनुबंधित नहीं किया है। इच्छुक पार्टियां इस मामले में समस्त पूछताछ व प्रश्नावली के लिए केवल प्राधिकृत अधिकारी या अधोहस्ताक्षरकर्ता से सम्पर्क करें।

स्थान : जयपुर,
तिथि : 30-03-2024

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी,
टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि.